CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 257 □ रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 3 बड़े नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण तीन दशकों से थे संगठन में सक्रिय



**बीजापुर,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। आत्मसमर्पण करें या न करें इसके ऊहापोह में माओवादी संगठन के पड़े होने के बीच तीन बड़े नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. तीन दशकों तक नक्सली संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने वाले कुकंती वैंकटैया उर्फ रमेश उर्फ विकास, मोमिलिडला वेंकटराज उर्फ राजू उर्फ चंदू और तोडेम गंगा सोनू उर्फ सोनी ने तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है।

कुकंती वैंकटैया, दक्षिण बस्तर डिवीजन का डिवीसीएम और वरिष्ठ माओवादी नेता रहा है. 36 वर्षों से नक्सल संगठन में सक्रिय रहा था. वहीं मोमिलिडला वेंकटराज डिवीसीएम और एसीसीएम सदस्य रहा, जो 35 वर्षों से भूमिगत था. इसी तरह तोडेम गंगा सोनू एससीएम सदस्य और जनता सरकार प्रभारी 21 वर्षो से माओवादी संगठन से जुड़ी थी। तीनों वरिष्ठ माओवादी नेताओं का संगठन की हिंसक विचारधारा से मोह भंग हुआ और वह मुख्य धारा में शामिल होकर सामान्य जीवन जी ने की इच्छा रखते हैं. आत्मसमर्पण की यह बड़ी सफलता तेलंगाना और छत्तीसगढ़ पुलिस के ताजा अभियान के प्रति बढ़ते विश्वास का परिणाम माना जा सकता है।

### नक्सलियों के प्रेशर आईईडी की चपेट में आया कोबरा 206 का जवान, रायपुर रेफर

बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आने से कोबरा 206 बटालियन का एक जवान घायल हो गया. घटना उसूर थाना क्षेत्र में उस समय हुई, जब पुजारी कांकेर एफओबी की टीम एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन पर थी. घायल जवान को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया और बेहतर इलाज के लिए उसे हेलिकॉप्टर के जरिए रायपुर के हायर मेडिकल सेंटर भेज दिया गया है. बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र यादव ने पुष्टि करते हुए बताया कि जवान की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर है.

## बारिश का कहर : नदी के उस पार फंसे स्कूली बच्ची, रेस्क्यू कर पार किया



**कवर्धा,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में पिछले 24 घंटों से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है. सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम बड़ौदा खुर्द में पुल न होने के कारण ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गई है. खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे कोज् वे हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर उफनती नदी पार करने को मजबूर हैं. तेज बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने से बच्चे घंटों तक नदी किनारे फंसे रहे. बारिश में भीगते हुए खड़े मासूम बच्चों को देखकर गांव के कुछ ग्रामीणों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए बारी-बारी से उन्हें नदी पार कराया.

## ब्रेकिंग न्यूज

### 76 यात्रियों से भरे विमान की विंडशील्ड टूटी, लैंडिंग से पहले खतरा

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। एक बड़ा हवाई हादसा उस समय टल गया जब एक निजी एयरलाइन की फ्लाइट के पायलट ने लैंडिंग से ठीक पहले विमान की विंडशील्ड में दरार देख ली। यह घटना उस वक्त हुई जब विमान चेन्नई एयरपोर्ट पर उतरने की तैयारी कर रहा था, और उसमें 76 यात्री सवार थे। शनिवार को मदुरई से चेन्नई के लिए रवाना हुए इस विमान ने उड़ान तो सामान्य रूप से भरी थी, लेकिन जैसे-जैसे विमान लैंडिंग के करीब पहुंचा, पायलट की नजर कॉकपिट के सामने की विंडशील्ड पर पड़ी, जो दरकी हुई दिखाई दी। पायलट ने बिना समय गंवाए एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ञ्ञष्ट) को स्थिति की जानकारी दी। इसके बाद ञ्ञष्ट की मदद से विमान को सुरक्षित लैंड करवाया गया। जानकारी मिलते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने आपात प्रोटोकॉल एक्टिव किया और ग्राउंड स्टाफ अलर्ट पर आ गए। प्लेन की सावधानीपूर्वक लैंडिंग कराई गई, और विमान जैसे ही रनवे पर रुका, यात्रियों ने राहत की सांस ली। एयरलाइन के ग्राउंड स्टाफ ने यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला, और किसी तरह की चोट या नुकसान की सूचना नहीं मिली। फ्लाइट की वापसी मदुरई के लिए प्रस्तावित थी, लेकिन तकनीकी जांच और सुरक्षा कारणों से उस उड़ान को रद्द कर दिया गया। विमान की विंडशील्ड बदली गई, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका कि वह टूट कैसे गई। एयरलाइन की ओर से तकनीकी टीम द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई।

### अमेरिका में विस्फोटक फैक्ट्री में धमाके से दर्जनों लोगों की मौत

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। अमेरिका में टेनेसी के एक ग्रामीण क्षेत्र में विस्फोटकों के एक संयंत्र में शुक्रवार को विस्फोट होने के बाद से कम से कम 19 लोग लापता हैं जिनके मारे जाने की आशंका है। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। हम्फ्रेज काउंटी के शेरिफ क्रिस डेविस ने सेना के लिए विस्फोटकों की आपूर्ति और शोध करने वाली कंपनी 'एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स% में हुए विस्फोट की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बेहद भयावह और दिल दहला देने वाला दृश्य है। डेविस ने कहा कि वह इस त्रासदी से प्रभावित तीन परिवारों को जानते हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग मारे गए। हालांकि उन्होंने मृतक संख्या नहीं बताई। उन्होंने 19 लापता लोगों को ''आत्मा%% कहकर संबोधित किया। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह लगभग पौने आठ बजे हुआ। फुटेज में पहाड़ी स्थान पर स्थित कंपनी परिसर सुलगता दिख रहा था। उन्होंने बताया कि मलबा कम से कम आधा मील के क्षेत्र में बिखरा हुआ था और 15 मील (24.1 किलोमीटर) से भी अधिक दूर तक लोगों ने विस्फोट के झटके महसूस किया। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, वह नैशविले से लगभग 60 मील (97 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में बक्सनॉर्ट क्षेत्र में विस्फोटक और गोला-बारूद का प्रसंस्करण करती है।




**चूहा-** सुनती हो, डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल का शांति पुरस्कार नहीं मिला।

**चुहिया-** हां जी, लेकिन पुरस्कार मांगने से थोड़े ही मिलता है... वो तो काम से मिलता है।

## बिजली कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश, नेशनल हाईवे पर किया चक्काजाम, वाहनों की लगी लंबी कतारें



**रायपुर/आरंग,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। त्योहारी सीजन में रोज बिजली कटौती से आक्रोशित ग्राम रसनी के ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 53 पर चक्काजाम कर दिया है. इसके चलते मुंबई-कोलकाता मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है. स्थिति को देखते हुए आरंग पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची है और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, मौसम खराब होने के बाद शाम 5 बजे से रसनी गांव में बिजली बंद है. इससे आक्रोशित ग्रामीण नेशनल हाईवे पर उतरकर विद्युत विभाग और शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे. ग्रामीणों का कहना है कि रसनी में रोजाना घंटों बिजली बंद होने से परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में हर दिन अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है. त्यौहारों का समय है. लोग अपने जरूरी कामों में व्यस्त हैं, लेकिन बिजली बंद होने से कई कार्यों में खलल पड़ रहा है. साथ ही रात के समय में बिजली बाधित होने से परेशानी और बढ़ जाती है. आज करवा चौथ है और लगभग शाम 5 बजे से पूरे गांव की बिजली बंद है. इसके कारण ग्रामीण और ज्यादा आक्रोशित हो गए हैं. स्थिति को देखते हुए मौके पर आरंग पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची है और ग्रामीणों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं।

## अवैध प्लॉटिंग पर प्रशासन की कार्रवाई दस एकड़ जमीन से हटाया गया कब्जा



जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

**रायपुर,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में अवैध प्लॉटिंग पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है. कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर ग्राम सेजबहार में करीब 10 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया. कार्रवाई के दौरान मौके पर बनी बाउंड्री वॉल, प्लिंथ और सड़क मार्ग को तोड़ा गया. साथ ही अवैध रूप से किए गए निर्माण को पूरी तरह हटाया गया है.

यह संयुक्त कार्रवाई एसडीएम रायपुर नंदकुमार चौबे के नेतृत्व में राजस्व विभाग और नगर निगम की टीम प्रहरी द्वारा की गई. प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई अवैध भूमि विक्रय, बेजा कब्जे पर नियंत्रण रखने और भू-उपयोग को नियमानुसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है. प्रशासन ने चेतावनी दी है कि राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में अवैध प्लॉटिंग या निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

## नहीं रही छत्तीसगढ़ की बाघिन बिजली



बेहतर इलाज के लिए भेजा गया था गुजरात

**रायपुर,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जंगल सफारी से इलाज के लिए गुजरात भेजी गई बीमार बाघिन बिजली की मौत हो गई है. 7 अक्टूबर को उसे ट्रेन से वनतारा जामनगर वाइल्डलाइफ रेस्क्यू एंड केयर सेंटर भेजा गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया

बाघिन बिजली की उम्र 8 साल की थी. वह जंगल सफारी में पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी. यूट्रस और ओरल में इन्फेक्शन था. उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रेन से वनतारा भेजा गया. जहां उसका एक महीने तक इलाज चलना था. लेकिन वनतारा वाइल्डलाइफ रेस्क्यू रिहैबिलिटेशन सेंटर में बाघिन बिजली की मौत हो गई. वनतारा ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी पोस्ट जारी कर दी. जानकारी के अनुसार, बिजली की तबीयत पिछले कुछ समय से लगातार बिगड़ रही थी. जिसके बाद उसे इलाज के लिए जामनगर के वन्तारा रेस्क्यू सेंटर भेजा गया था. वह लंबे समय से लोगों के बीच लोकप्रिय थी. बिजली की तबीयत में गिरावट आने के बाद रायपुर में प्राथमिक इलाज किया गया. लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर विशेषज्ञों की टीम ने उसे ट्रेन में स्पेशल कोच के जरिए जामनगर भेजा था.

### बीच सड़क पर चलती ईवी कार में लगी आग, दोनों ओर लगा जाम



रायपुर, 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के अवंति विहार इलाके में शुक्रवार देर शाम सड़क पर चलते वक्त एक इलेक्ट्रिक कार में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि वाहन चलते-चलते धुएं के साथ आग की लपटों में घिर गया, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। हादसे में चालक सुरक्षित बच गया, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। प्राथमिक अनुमान है कि तकनीकी खराबी या बैटरी ओवरहीटिंग के कारण आग लगी होगी।

## बच्चेदानी का ऑपरेशन महिला की मौत, ओटी सील की कार्रवाई



**राजनांदगांव,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। इलाज के दौरान महिला की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हुआ है। शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव में ग्राम रीवागहन निवासी मरीज दौपदी साहू को 24 सितम्बर को भर्ती किया गया था। जिसके बाद मरीज के बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया। मरीज को टांका खुलवाने के लिए 6 अक्टूबर को दोपहर 3.50 बजे भर्ती किया गया था, जिसकी इलाज के दौरान 9 अक्टूबर को मौत हो गई। मरीज की मृत्यु के पश्चात मरीज के परिजनों द्वारा इलाज में लापरवाही होने के कारण मृत्यु होने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर का घेराव किया गया। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन एवं टीम ने मरीज के परिजनों से बात की एवं शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की जांच की गई।

9 अक्टूबर को ही विशेषज्ञों की पांच सदस्यीय जांच टीम का गठन कर सात दिवस के भीतर घटना की जांच कर अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने निर्देशित किया गया। जिला स्तरीय गठित जांच दल द्वारा शुक्रवार को शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पहुंचकर सबसे पहले गायनिक ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण कर कल्चर जांच के लिए सैंपल लिया गया हैं।

## रायपुर से लगे राईस मिल में जीएसटी की दबिश, अंदर चल रहा था गलत काम



**रायपुर,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। स्टेट जीएसटी की टीम ने रायपुर से लगे एक राईस मिल में छापा मारा है. यहां टीम शुक्रवार रात को भी गोपनीय सूचना के बाद पहुंची थी. जीएसटी के सूत्र बताते है कि इस राईस मिल में गलत काम चल रहा था, जिसके बाद यहां कार्रवाई की गई है और अब इस मामले में मालिक से पूछताछ की तैयारी है. विभागीय सूत्रों के मुताबिक राईस मिल में बड़ी मात्रा में पान मसाला बनाने का मिक्कर मशीन और पाउच मिले है.

ये पूरी कार्रवाई राजिम के पास कुर्रा से लगे सोने सिली मार्ग पर स्थित एक राईस मिल में गई हैं, हालांकि यहां कौन सी कंपनी का अवैध पान मसाला पैक किया जा रहा है था और ये राईस मिल किसकी है इस संबंध में जीएसटी के ओर से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है.

## कार्यकर्ता ही कांग्रेस की असली ताकत, वही तय करेगा जिला अध्यक्ष - प्रफुल्ल गुढाडे




संगठन सृजन अभियान के दूसरे दिन कार्यकर्ताओं में उत्साह, केंद्रीय पर्यवेक्षक बोले हम सिर्फ माध्यम हैं, निर्णय कार्यकर्ता ही करेगा होगा

**रायपुर,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। संगठन सृजन अभियान के तहत आज दूसरे दिन भी कांग्रेस भवन गाँधी मैदान में ग्रामीण जिला काँग्रेस कमेटी की बैठक मे कार्यकर्ताओं का जोश और ऊर्जा देखते ही बन रही थी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। केंद्रीय पर्यवेक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान में अब निर्णय ऊपर से नहीं, नीचे से होगा, कार्यकर्ता स्वयं तय करेगा कि उसका जिला अध्यक्ष कौन होगा। प्रभारी और पर्यवेक्षक ने कहा कि यह अभियान केवल संगठन के पुनर्गठन का नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के सम्मान और भागीदारी की पुनर्स्थापना का अभियान है। उन्होंने कहा कि हम केवल एक माध्यम हैं, लेकिन असली निर्णय कार्यकर्ता करेगा। कांग्रेस पार्टी का दिल और आत्मा कार्यकर्ता ही है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुदाढे ने कहा कि संगठन सृजन अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता की राय महत्वपूर्ण होगी। चयन प्रक्रिया पारदर्शी और लोकतांत्रिक होगी। हर ब्लॉक और बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं से राय लेकर छह नामों का पैनल तैयार किया जाएगा। अंतिम निर्णय कार्यकर्ताओं की बहुमत राय से तय होगा। प्रफ्फुल गूढाढे ने कहा कि आज के सत्र में कार्यकर्ताओं ने अपने विचार, सुझाव और भावनाएं साझा कीं। हर वक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि संगठन की असली शक्ति कार्यकर्ता हैं। यह अभियान नेतृत्व परिवर्तन नहीं, बल्कि कार्यकर्ता सशक्तिकरण की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के बल पर ही जन-आंदोलनों की धारा बनती आई है।संगठन को नींव से मजबूत करना, विकेंद्रीकरण को बढ़ावा देना, और हर कार्यकर्ता को निर्णय में शामिल करना।

वन टू वन चर्चा से गूँजा कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक केंद्रीय पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने खुलकर अपने विचार, सुझाव और अनुभव साझा किए। हर कार्यकर्ता को अपनी बात सीधे रखने का अवसर दिया गया, जिससे पूरे माहौल में विश्वास, संवाद और एकता का सकारात्मक संदेश फैला। पर्यवेक्षक ने कहा कि यह चर्चा केवल रायशुमारी नहीं, बल्कि संगठन की आत्मा को सुनने का प्रयास है। इस बैठक में पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा धनेंद्र साहू ताम्रध्वज साहू पूर्व विधायक शैलेश पांडे पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल विकास उपाध्याय उधोराम वर्मा छाया वर्मा शैलेश नितिन त्रिवेदी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

CMYK